प्रेषक,

जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

संख्याः– 2417/ तेरह–आ0प्र0प्राधि0 / 2020 दिनांक 23 जुलाई, 2021

**विषयः– गौमुख क्षेत्र के संयुक्त सर्वेक्षण आख्या प्रेषित किये जाने सम्बन्धी।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विगत वर्ष भागीरथी नदी घाटी में स्थित गंगोत्री हिमनद (Gangotri Glacier) के सम्भरण क्षेत्र में भूस्खलन के कारण झील बनने की सूचना पर पर मा0 उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सम्भावित जोखिम की सर्तकता के दृष्टिगत निगरानी हेतु दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तर से उक्त क्षेत्र का समय–समय पर सर्वेक्षण करवाया जाता है। उक्त के क्रम में वन क्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, उत्तरकाशी के संलग्न पत्र दिनांक 18.07.2021 के द्वारा वन विभाग के दल से दिनांक 15.07.2021 एवं 16.07.2021 को भोजवासा/गोमुख क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करवाया गया है।

अतः वनक्षेत्राधिकारी, गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क, गंगोत्री द्वारा प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण के द्वारा अवगत कराया गया है कि गोमुख में नदी का प्रवाह अपने पुराने बहाव से बह रही है, नदी ने अपने बहाव में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया एवं अन्य किसी प्रकार की नई गतिविधियॉ क्षेत्र में नहीं पाई गयी है। अतएव सूचना सादर महोदय की सेवा में प्रेषित।

संलग्न–यथोपरि

भवदीय,

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।
23/7/21

प्रतिलिपिः– अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, परिसर उत्तराखण्ड शासन देहरादून की सेवा में मय आख्या/फोटोग्राफ सहित सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी,
उत्तरकाशी।

CamScanner

सेवा में।

जिलाधिकारी
उत्तरकाशी

विषय — गोमुख भ्रमण

महोदय,

निवेदन करना है कि गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क अन्तर्गत एक टीम दि० 15/7/2021 एवं 16/7/2021 को गोमुख-भोजवासा क्षेत्र भ्रमण पर गई थी। टीम द्वारा अवगत कराया गया कि गोमुख में नदी का प्रवाह अपने पुराने बहाव से बह रहा है, नदी ने अपने बहाव में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया है. नही किसी प्रकार की अन्य नई गतिविधियाँ क्षेत्र में पाई गई है. टीम लीडर श्री शबवीर सिंह रावत वन दरोगा थे,

अत: महोदय को रिपोर्ट प्रेषित,

भवदीय
[signature] 18/7/2021

(वन क्षेत्राधिकारी
गंगोत्री रेंज
गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क
उत्तरकाशी

CamScanner